Federal Foreign Office

मोबाइल रिपोर्टिंग के लिए स्टोरी प्रपोजल

इसे आवेदनकर्ता ही भरें

प्रोजेक्ट नंबर : **AAS21-AA31**

शीर्षक:

“पर्यावरण पत्रकारिता: हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अहम नदियां - जीवनरेखा भी और संघर्ष का स्रोत भी.”

टीम के सदस्यों के नाम: ....

डीडब्ल्यू एकेडमी ऐसे स्टोरी प्रपोजल खोज रही है जो भारत में पानी (झीलों, नदियों, जलधाराओं, सागरों) से जुड़े हों. यह पहल जलवायु और पर्यावरण पर केंद्रित है. पारिस्थितकीय तंत्र में हो रहे बदलाव, कैसे स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रहे हैं, प्रस्ताव में इस पर जोर होना चाहिए. पर्यावरण संबंधी ऐसे परिवर्तनों का महिलाओं और असुरक्षित समूहों (युवाओं, मूल निवासियों, जातीय अल्पसंख्यकों, हाशिए पर रहने वाले समूहों और दिव्यांगों) पर क्या असर पड़ रहा है, इसे दिखाने वाली कहानियों को हम प्रोत्साहित करेंगे.

डीडब्ल्यू एकेडमी ऐसी कहानियों की सराहना करेगी जो ये दिखा सकें कि कैसे कमजोर तबके पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. संभावित समाधान दर्शाने वाली कहानियां सराहनीय मानी जाएंगी. अंत में, डीडब्ल्यू एकेडमी ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देगी जिनसे आप अपनी रिपोर्टिंग में बड़े सवाल शामिल कर सकें. बड़े सवाल मसलन, सीमाओं के परे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पर्यावरण के मुद्दे या पर्यावरण के मुद्दों पर क्षेत्रीय सहयोग.

स्टोरी का प्रस्ताव (स्टोरी प्रपोजल) तैयार करने समय कृपया निम्न बिंदुओं को ध्यान में रखें:

- **अहमियत:** आपकी स्टोरी किस पर्यावरणीय समस्या को दर्शाती है? इस कहानी की क्या अहमियत है और ये किसके लिए अहम है?
- **स्थानीय संदर्भ:** आपकी स्टोरी पर्यावरणीय मुद्दों का स्थानीय समुदायों पर असर और उन समुदायों की प्रतिक्रियाको कैसे सामने लाएगी?
- **नजरिया:** अगर कोई मुद्दा मीडिया में पहले भी आ चुका है तो आप किस नयेपन के साथ उसे पेश करेंगे या आपका नजरि या अलग कैसे होगा?
- **असर:** क्या आपकी स्टोरी का खाका, तार्किक कहानी कहता है? क्या उसमें एक ऐसा खोजी पहलू है जो सूचना का महत्व बढ़ाए और उसे ज्यादा दिलचस्प बनाते हुए मुद्दे की तरफ लोगों का ध्यान खींचे, बहस और कार्रवाई को बढ़ावा दे.

- **व्यावहारिकता:** क्या आप अपने पास मौजूद संसाधनों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्टोरी तैयार कर सकते हैं?
- **कहानी पेश करने में मौलिकता:** हम मौलिक और रोचक तरीके से कहानी पेश करने के तरीके को एक प्लस प्वाइंट मान ते हैं.

आप अपना स्टोरी प्रपोजल हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकते हैं. अगर आप वर्कशॉप सीरीज में हिस्सा लेने के लिए चुने जाते हैं तो आ पका प्रोजेक्ट प्रपोजल, एक स्टोरीबोर्ड और मोबाइल वीडियो रिपोर्ट का आधार बनेगा. स्टोरीबोर्ड और मोबाइल वीडियो रिपोर्टिंग की ट्रेनिंग वर्कशॉप में दी जाएगी.

कृपया, यह ध्यान में रखें कि आपको अपने पास मौजूद संसाधनों (स्मार्टफोन, माइक्रोफोन, ट्रॉयपॉड आदि) से ही एक मोबाइल वीडियो स्टोरी तैयार करनी होगी. डीडब्ल्यू एकेडमी किसी भी तरह के उपकरण मुहैया नहीं कराएगी. कृपया इस बात का भी ख्याल रखें कि आपके पास प्रोडक्शन की प्रक्रिया के लिए करीब एक महीने का समय होगा

आपकी प्रस्तावित स्टोरी का मुद्दा क्या है? कहानी किस पर्यावरण संबंधी समस्या से जुड़ी है?

स्टोरी किस तरह प्रभावित समुदाय या समुदायों पर पर्यावरण संबंधी बदलावों के असर को दर्शाती है? समस्या को लेकर प्रभावित समुदाय की प्रतिक्रिया को कहानी कैसे सामने लाती है?

आपकी प्रस्तावित स्टोरी की इस वक्त क्या अहमियत है और ये कहानी किसके लिए सबसे ज्यादा अहम है? अगर अन्य मीडिया संस्थान इस स्टोरी को पहले ही कर चुके हैं तो आप अपने स्टोरी आइडिया में नयापन या नया नजरिया कैसे लाएंगे?

क्या आपकी स्टोरी में मौजूदा समस्या का कोई संभावित समाधान या उसे हल करने का कोई बेहतर उपाय भी शामिल है? अगर है, तो कृपया उसके बारे में बताइए.

आप अपनी प्रस्तावित स्टोरी को कहां प्रकाशित या प्रसारित करेंगे? आपका टारगेट ग्रुप कौन है? कृपया पब्लिकेशन या ब्रॉडकास्ट चैनल का लिंक साझा कीजिए.